**मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर की भवन एवं कार्य समिति (Building and Works Committee) की दिनांक 20 नवम्बर, 2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे स्वर्ण जयन्ती सभागार में सम्पन्न नवम् बैठक का कार्यवृत्तः–**

बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 जय प्रकाश पाण्डेय,<br>कुलपति | : अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 गोविन्द पाण्डेय,<br>अधिष्ठाता, नियोजन, स्रोत जनन एवं पुरातन छात्र सम्बन्ध | : सदस्य |
| 3. | प्रो0 ए0 के0 सचान, सिविल इन्जीनियरिंग विभाग,<br>एम0एन0एन0आई0टी0, प्रयागराज | : सदस्य |
| 4. | ई0 बी0 बी0 श्रीवास्तव, मुख्य अभियन्ता (गोरखपुर परिक्षेत्र)<br>उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, गोरखपुर | : सदस्य |
| 5. | ई0 संजय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अभियन्ता,<br>उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, लखनऊ | : सदस्य |
| 6. | श्री अनुपम अग्रवाल,<br>आर्किटेक्ट, गोरखपुर | : सदस्य |
| 7. | डॉ0 मनीष कुमार श्रीवास्तव<br>कुलसचिव | : सदस्य |
| 8. | प्रो0 श्रीराम,<br>विभागाध्यक्ष, जनपदीय अभियंत्रण विभाग | : सदस्य–सचिव |

श्री अमर सिंह, वित्त नियंत्रक बैठक में अपरिहार्य कारणों से उपस्थित नहीं हो सके।

<u>कार्यवृत्त</u>

**मद सं0: 9.00 भवन एवं कार्य समिति की अष्टम बैठक दिनांक 19.09.2020 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण**

भवन एवं कार्य समिति के अवलोकनार्थ दिनांक 19.09.2020 को सम्पन्न अष्टम बैठक का कार्यवृत्त सभी माननीय सदस्यों का भेजा गया था, कोई टिप्पणी प्राप्त नही हुई थी।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा प्रस्तुत कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी ।

**मद सं0: 9.01 मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर के भवन एवं कार्य समिति की अष्टम बैठक में लिये गये निर्णयों के कियान्वयन की अनुपालन आख्या**

समिति द्वारा भवन एवं कार्य समिति की अष्टम बैठक में लिये गये निर्णयों के कियान्वयन संबधी विवरण से अवगत होते हुए कृत कार्यवाही एवं प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए पुष्टि की गयी।

**मद संख्या 9.02 उत्तर प्रदेश राज्य योजना के अन्तर्गत स्वीकृत/चल रहे कार्यों के अद्यतन प्रगति की सूचना**

भवन एवं कार्य समिति के समक्ष विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के विकास/उच्चीकरण हेतु राज्य सरकार के योजना बजट में विश्वविद्यालय हेतु प्रावधानित धनराशि से स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया ।

भवन एवं कार्य समिति विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से अवगत हुई एवं संतोष व्यक्त किया गया।

**मद संख्या 9.03 भारत सरकार के राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रुसा) अन्तर्गत स्वीकृत/चल रहे कार्यों के अद्यतन प्रगति की सूचना**

भवन एवं कार्य समिति के समक्ष भारत सरकार के राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रुसा) के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के विकास/उच्चीकरण हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रुप से प्रदत्त अनुदान से स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया ।

रूसा के अन्तर्गत चल रहे कार्यो की संभावित बचतों एवं विश्वविद्यालय स्रोत से विद्युत अभियंत्रण विभाग के प्रयोगशालाओं के निर्माण कार्य प्रस्तावित था, एक ही परियोजना का वित्त पोषण दो स्रोतों से किया जाना समिति द्वारा अनुचित पाते हुए मात्र विश्वविद्यालय स्रोत से वित्त पोषण का सुझाव दिया गया एवं रूसा के अन्तर्गत चल रहे कार्यो की संभावित बचतों से रूसा अन्तर्गत स्वीकृत अन्य कार्यो को कराये जाने का सुझाव दिया गया।

भवन एवं कार्य समिति परियोजनाओं की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से अवगत हुई एवं संतोष व्यक्त किया गया।

**मद संख्या 9.04 दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यकम के अन्तर्गत स्वीकृत/चल रहे कार्यों के प्रगति की सूचना**

भवन एवं कार्य समिति के समक्ष ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ए0 के0 टी0 यू0) की "दीन दयाल उपाध्याय योजना" के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के विकास/उच्चीकरण हेतु स्वीकृत विभिन्न परियोजनाओं के अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया ।

भवन एवं कार्य समिति परियोजनाओं की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से अवगत हुई एवं संतोष व्यक्त किया गया।

**मद संख्या 9.05 विश्वविद्यालय स्रोतों से स्वीकृत/चल रहे कार्यों के प्रगति की सूचना**

भवन एवं कार्य समिति के समक्ष विश्वविद्यालय की अवस्थापना सुविधाओं के विकास/उच्चीकरण /रख–रखाव हेतु विश्वविद्यालय स्रोतों/बचतों से स्वीकृत विभिन्न कार्यों के अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया गया ।

भवन एवं कार्य समिति परियोजनाओं की अद्यतन भौतिक एवं वित्तीय प्रगति से अवगत हुई एवं संतोष व्यक्त किया गया।

**मद संख्या 9.06 विश्वविद्यालय परिसर की सड़कों के चौड़ीकरण, उच्चीकरण एवं पाथवे का निर्माण कार्य की सूचना एवं अनुमोदन**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, गोरखपुर से रू0 239.92 लाख का आगणन/प्रस्ताव प्राप्त करते हेतु अनुबन्ध निष्पादन की प्रकीया पूर्ण कर कार्य को प्रारम्भ कराये जाने हेतु कार्यदायी संस्था को प्रथम किश्त के रूप में रू0 119.96 लाख की अस्थाई अग्रिम धनराशि दी जा चुकी है। एम0ओ0यू0 एवं एक बार समय विस्तार सहित कार्य पूर्णता की तिथि 21.04.2021 थी, परन्तु कोरोना काल एवं अतिवृष्टि आदि कारणों से कार्य विलम्बित है। विश्वविद्यालय की वर्तमान आवश्यकता के दृष्टिगत मुख्य मार्ग के दोनो ओर पाथवे एवं के0सी0 ड्रेन बनाये जाने का निर्णय लिया गया है। टाईप – 1 आवास के सामने की सड़क का जीर्णोद्वार कार्य तात्कालिक आवश्यकता के दृष्टिगत कार्य में सम्मिलित किया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा अबतक ड्राईग व तकनीकी स्वीकृति उपलब्ध नही कराया गया है। वर्षा काल समाप्त हो गया है, अब समय सीमा विस्तार का आवेदन पत्र प्राप्त कर शीध्र कार्य सम्पन्न कराने के प्रयास किये जा रहे है।

भवन एवं कार्य समिति उपरोक्त सूचना से अवगत होते हुए प्रस्ताव पर इस सुझाव सहित अनुमोदन प्रदान किया गया कि कार्यदायी संस्था को अंतिम रूप से 15 दिन का समय देते हुए समस्त कार्यवाही पूर्ण कर एवं ड्राईंग तथा तकनीकी स्वीकृति प्राप्त करते हुए कार्य को प्रत्येक दशा में माह दिसम्बर 2021 में पूर्ण करा लिया जाए।

**मद संख्या 9.07 विद्युत अभियंत्रण विभाग के विस्तार के निर्माण कार्य की सूचना एवं अनुमोदन**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि भवन एवं कार्य समिति के कार्यवृत्त निर्णय मद संख्या 8.07 द्वारा गठित समिति एवं कार्यदायी संस्था की आख्या के दृष्टिगत प्रथम तल के स्थान पर भूतल पर स्थल परिवर्तन के फलस्वरूप आगणन बढ़ कर रू0 144.50 लाख हो गया है। उक्त प्लान पर यूजर एवं तकनीकी समिति की सहमति तथा आगणन की सक्षम तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। विश्वविद्यालय द्वारा कामन वेटिंग लाबी हेतु ड्राईग को संशोधित करने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये थे, परन्तु अबतक संशोधित ड्राईग/आगणन/तकनीकी स्वीकृति कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको द्वारा विश्वविद्यालय को उपलब्ध नही कराया गया।

भवन एवं कार्य समिति उपरोक्त सूचना से अवगत होते हुए प्रस्ताव पर इस सुझाव सहित अनुमोदन प्रदान किया गया कि कार्यदायी संस्था को अंतिम रूप से 15 दिन का समय देते हुए संशोधित ड्राईंग तथा तकनीकी स्वीकृति प्राप्त किया जाए एवं कार्यदायी संस्था द्वारा ऐसा न किये जाने की दशा में यह कार्य किसी अन्य Empanneled कार्यदायी संस्था से कराया जाए। साथ ही यह भी सुझाव दिया गया कि इस कार्य का वित्त पोषण मात्र विश्वविद्यालय स्रोत/बचतों से किया जाए।

**मद संख्या 9.08 विद्युतकण एवं संचार अभियंत्रण विभाग भवन विस्तार के निर्माण कार्य की सूचना एवं अनुमोदन**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि विद्युतकण अभियंत्रण विभाग के विस्तार निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको, गोरखपुर से रू0 125.69 लाख का आगणन/प्रस्ताव प्राप्त कर निर्माण सम्बन्धित अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही प्रचलित थी। यूजर की सहमति एवं विश्वविद्यालय के निर्णय के कारण कार्य स्थल परिवर्तन के फलस्वरूप आगणन बढ़ कर रू0 151.23 लाख हो गया है। उक्त प्लान पर यूजर एवं तकनीकी समिति की सहमति तथा आगणन की सक्षम तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हो गयी थी। विश्वविद्यालय द्वारा पहुच मार्ग पर निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किये जाने को दृष्टिगत रखते हुए इस कार्य को वर्तमान पहुच मार्ग के दाहिने ओर/पश्चिम की ओर विद्युत अभियंत्रण विभाग के अग्र भाग की निर्माण रेखा के अनुसार एकरूपता बनाये रखते हुए प्रस्तावित किये जाने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये थे, परन्तु अबतक संशोधित ड्राईंग/आगणन/तकनीकी स्वीकृति कार्यदायी संस्था यू0पी0 सिडको द्वारा विश्वविद्यालय को उपलब्ध नही कराया गया।

भवन एवं कार्य समिति उपरोक्त सूचना से अवगत होते हुए प्रस्ताव पर इस सुझाव सहित अनुमोदन प्रदान किया गया कि कार्यदायी संस्था को अंतिम रूप से 15 दिन का समय देते हुए संशोधित ड्राईंग तथा तकनीकी स्वीकृति प्राप्त किया जाए एवं कार्यदायी संस्था द्वारा ऐसा न किये जाने की दशा में यह कार्य किसी अन्य Empanneled कार्यदायी संस्था से कराया जाए।

**मद संख्या 9.09 154 क्षमता के पुरूष छात्रावास दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता एवं सुधार कार्यक्रम — II Phase के अन्तर्गत कार्य के प्रस्ताव/आगणन का अनुमोदन**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि समिति के सुझावों एवं विश्वविद्यालय की वर्तमान आवश्यकता के अनुसार कार्यदायी संस्था द्वारा उपलब्ध कराया गया संशोधित ड्राईग/प्लान संलग्न अवलोकनार्थ प्रस्तुत है। प्रस्तुत ड्राईग चार मंजिला फ्रेम्ड स्ट्रक्चर है जिसमें 50 अदद् ट्रिपल सीटेड कमरे पृथक टॉयलेट, पैन्ट्री व बालकनी युक्त है। इसके अतिरिक्त भूतल पर दो डबल सीटेड दिव्यांगजन हेतु टॉयलेट एवं बालकनी युक्त है। भूतल पर दो डबल सीटेड गेस्ट रूम टॉयलेट, पैन्ट्री व बालकनी युक्त है। इसके अतिरिक्त ए0आई0सी0टी0ई0 के मानको के अनुरूप किचन, डायनिंग, कामन रूम, दो सीढी एवं लिफ्ट तथा मेडिकल रूम एवं वार्डेन रूम, रैम्प आदि का प्रावधान प्रस्तावित किया गया है। कार्यदायी संस्था यू0पी0 आर0एन0एन0 द्वारा रू0 700.00 लाख की सीमा अन्तर्गत विस्तृत आगणन गठन की कार्यवाही प्रचलित है। ए0के0टी0यू0 से कार्यदायी संस्था को प्रथम किश्त के रूप में रू0 280.00 लाख की धनराशि सीधे उपलब्ध करा दी गयी है। कार्य के शीध्र प्रारम्भ किये जाने की सम्भावना है।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत ड्राईंग/प्लान पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

1/11/2021

**मद संख्या 9.10 विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर के भवनों के विशेष अनुरक्षण कार्य के प्रस्ताव/आगणन का अनुमोदन ।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि कार्य की तात्कालिक आवश्यकता एवं अपरिहार्यता के दृष्टिगत विश्वविद्यालय स्तर पर Empanelled कार्यदायी संस्थाओं से प्रस्ताव/सहमति आमंत्रित की गयी थी जिसके क्रम में कार्यदायी संस्था यू0पी0 आर0एन0एस0एस0 निर्माण प्रखण्ड गोरखपुर प्रथम द्वारा सहमति प्रदान करते हुए **रू0 727.08 लाख** का प्रारम्भिक आगणन/प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है जो समिति के समक्ष संलग्न प्रस्तुत है। आवासो की जीर्ण–शीर्ण अवस्था एवं कार्य की तात्कालिक आवश्यकता के दृष्टिगत विस्तृत आगणन के आधार पर एम0ओ0यू0 करके विश्वविद्यालय स्रोत/बचतों से शीघ्र कार्यदायी संस्था यू0पी0 आर0एन0एस0एस0 निर्माण प्रखण्ड गोरखपुर प्रथम से कार्य प्रारम्भ कराकर अगले मानसून से पूर्व कार्य पूर्ण कराये जाने का निर्णय लिया गया है जिससे शिक्षकों एवं कर्मचारियों के आवासन की समस्या दूर की जा सके एवं भवनों को और क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सके।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा प्रस्ताव पर इस सुझाव सहित अनुमोदन प्रदान किया गया कि 15 दिन का समय देते हुए एवं एक अन्तिम तिथि निर्धारित करते हुए सभी Empanelled कार्यदायी संस्थाओं से प्रस्ताव/सहमति प्राप्त करने का एक और अन्तिम प्रयास कर लिया जाए।

**मद संख्या 9.11 विश्वविद्यालय सीवर लाईन सर्वे की अद्यतन सूचना एवं नगर निगम के सीवर से जोड़ने का प्रस्ताव ।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय परिसर में सीवर लाईन एवं ड्रेनेज निर्माण हेतु कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश जल निगम, गोरखपुर द्वारा प्रारम्भिक सर्वे का कार्य उनकी सूचना अनुसार लगभग पूर्ण कर लिया गया है एवं डी0पी0आर0 गठन की कार्यवाही प्रचलित है। विश्वविद्यालय स्थल चयन समिति द्वारा एस0टी0पी0 हेतु देवरिया मार्ग के निकट नाईलिट बाउण्ड्री के समीप स्थल चयन कर लिया गया है। इस मध्य देवरिया मार्ग में नगर निगम द्वारा सार्वजनिक सीवर लाईन का कार्य कराया गया है। अतः प्रस्ताव है कि विश्वविद्यालय सीवर लाईन को सीधे नगर निगम के सीवर लाईन से संयोजित कर दिया जाए। इस प्रकार एस0टी0पी0 निर्माण लागत के बचत की सम्भावना है।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर इस सुझाव सहित अनुमोदन प्रदान किया गया कि इस सम्बन्ध में नगर निगम/प्रशासन से बैठक/वार्ता कर शीघ्र कार्यवाही की जाए एवं प्रयास किये जाएं कि सीवर लाईन डालने का कार्य भी नगर निगम/प्रशासन के व्यय पर उन्ही से कराया जाए।

**मद संख्या 9.12 भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की योजना अन्तर्गत रू0 700.00 लाख की लागत से एक पुरूष छात्रावास निर्माण का प्रस्ताव ।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की वर्तमान आवश्यकता की पूर्ति की दिशा में ए0के0टी0यू0 डी0डी0क्यू0आई0पी0 छात्रावास की भॉति उसी के बगल में 154 क्षमता के अटैच्ड टॉयलेट, पैन्ट्री व बालकनी सहित एक अदद् चार मंजिला भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की योजना अन्तर्गत रू0 700.00 लाख की लागत से पुरूष छात्रावास का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। प्रारम्भिक आगणन एवं ड्राईग/प्लान संलग्न अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त आगणन/प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 9.13 राज्य योजना अन्तर्गत 480 क्षमता के एक पुरूष छात्रावास के निर्माण का प्रस्ताव ।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की वर्तमान आवश्यकता की पूर्ति की दिशा में ए0आई0सी0टी0ई0 मानकों के अनुरूप 120 क्षमता के चार ब्लाक वाले कामन टॉयलेट सहित एक अदद् चार मंजिला पुरूष छात्रावास उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य योजना अन्तर्गत **रू0 2249.06 लाख** की लागत से पुरूष छात्रावास का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। प्रारम्भिक आगणन समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव/आगणन पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 9.14 राज्य योजना अन्तर्गत 240 क्षमता के एक महिला छात्रावास के निर्माण का प्रस्ताव।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय की वर्तमान आवश्यकता की पूर्ति की दिशा में ए0आई0सी0टी0 मानको के अनुरूप 120 क्षमता के दो ब्लाक वाले कामन टॉयलेट सहित एक अदद् चार मंजिला महिला छात्रावास उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य योजना अन्तर्गत **रू0 1151.20 लाख** की लागत से महिला छात्रावास का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। प्रारम्भिक आगणन समिति के अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव/आगणन पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 9.15 विश्वविद्यालय परिसर के सड़को के चौड़ीकरण, उच्चीकरण एवं पाथवे निर्माण के द्वितीय चरण का प्रस्ताव ।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय परिसर के सड़को के चौड़ीकरण, उच्चीकरण एवं पाथवे निर्माण के प्रथम चरण का कार्य प्रचलित है जिसके शीध्र पूर्ण होने की सम्भावना है। प्रथम चरण के कार्यो में प्राथमिकता के आधार पर मुख्य–मुख्य सड़को को धन उपलब्धता के कारण शामिल किया गया था। प्रथम चरण में टाईप – 1 आवासीय परिसर की सड़के एवं छात्रावास तथा स्टेडियम के समीप की सड़के तथा भवनो के सम्पर्क मार्ग शेष रह गये थे। विश्वविद्यालय की वर्तमान आवश्यकता एवं धन उपलब्धता के दृष्टिगत द्वितीय चरण में शेष क्षतिग्रस्त सड़को को सम्मिलित करते हुए उनके चौड़ीकरण, उच्चीकरण एवं पाथवे निर्माण कार्य **रू0 200.00 लाख** की सीमा अन्तर्गत कराया जाना प्रस्तावित किया गया।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव पर इस सुझाव सहित अनुमोदन प्रदान किया गया कि ड्राईंग तैयार कराकर ही आगे का कार्य कराया जाए।

**मद संख्या 9.16 विश्वविद्यालय परिसर में अतिवृष्टि एवं प्राकृतिक ड्रेनेज के अवरूद्व होने के फलस्वरूप हुए वृहद जल जमाव के निराकरण हेतु कार्य का प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय परिसर की चहारदीवारी बन जाने एवं विश्वविद्यालय परिसर के आस–पास आवासीय कालोनियॉ विकसित हो जाने के कारण प्राकृतिक ड्रेनेज अवरूद्व हो चूका है जिससे वर्षा जल का बृहद जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है इसके फलस्वरूप विश्वविद्यालय के भवन वर्षा जल से घिर जा रहा है एवं पहुच मार्ग वर्षा जल में डूब जा रहा है। जिसके कारण आवगमन एवं आवासन में अत्यंत असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके निराकरण हेतु विश्वविद्यालय परिसर के लो लैण्ड एरिया में बडा कृत्रिम जलाशय बनाकर विश्वविद्यालय के समस्त भवनों के एप्रन एवं वर्षा जल नालियों को नये सिरे से निर्मित/मरम्मत कराकर जलाशय से सम्बद्व किये जाने एवं जलाशय से पम्पिंग की व्यवस्था करते हुए गोरखपुर देवरिया मार्ग पर नगर निगम द्वारा निर्मित वर्षा जल नाली में प्रवाहित किये जाने के कार्य कराये जाने का प्रस्ताव समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 9.17 अतिथि गृह विस्तार के निर्माण कार्य का प्रस्ताव ।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय अतिथि गृह छः कमरो वाला एक मंजिला लगभग 40 वर्ष पुराना भवन है। प्रायः अतिथिगण को कमरो की कमी के कारण अन्यत्र किसी होटल इत्यादि में ठहराना पड़ता है, जिससे अनावश्यक वित्तीय भार एवं असुविधा होती है। विश्वविद्यालय की वर्तमान आवश्यकता के परिपेक्ष्य में इसके क्षमता विस्तार की अत्यन्त आवश्यकता है। इस हेतु विचार किया गया कि प्रथम तल पर निर्माण कराकर अतिथि गृह की क्षमता विस्तार का कार्य सम्पन्न कराया जाए। इस कार्य के तकनीकी पक्ष के अध्ययन एवं संस्तुति हेतु एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति की बैठक दिनांक 20.11.2021 को होना प्रस्तावित है, प्राप्त संस्तुतियो के आधार पर प्रथम तल का निर्माण कार्य एवं साथ ही भूतल का उच्चीकरण का कार्य विश्वविद्यालय स्रोत/बचतों से किया जाना प्रस्तावित किया गया।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त सूचना से अवगत होते हुए प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया एवं भवन एवं कार्य समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि यही तकनीकी समिति विश्वविद्यालय परिसर के आवासीय भवनों के विशेष अनुरक्षण एवं पुराने छात्रावासों के विशेष अनुरक्षण कार्यो के प्रस्ताव का अध्ययन कर कार्य की आवश्यकता, औचित्य विषयक तकनीकी संस्तुतियॉ प्रदान करेगी।

**मद संख्या 9.18 फार्मेसी विभाग भवन के निर्माण कार्य का प्रस्ताव ।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के गठन के पश्चात् समुचित विकास हेतु पंचवर्षीय कार्य योजना तैयार कर वित्तीय आवश्यकताओं के दृष्टिगत राज्य सरकार के अनुमोदन हेतु प्रेषित किया गया, साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा समुचित सुविधाओं के उपलब्ध होने की दशा में शैक्षणिक सत्र 2015–2016 से चरण बद्व रूप से कुल 18 विभागों तक नये विभाग खोले जाने/प्रवेश क्षमता बढ़ाने/पाठ्यक्रम बढ़ाने की कार्ययोजना पर विश्वविद्यालय के प्रबन्ध बोर्ड द्वारा दिनांक 14.03.2014 को सम्पन्न प्रथम बैठक में मद संख्या प्रथम – 22 के अन्तर्गत अनुमोदन प्रदान किया गया। जिसके अन्तर्गत फार्मेसी विभाग खोले जाने का अनुमोदन भी किया गया है। विश्वविद्यालय परिनियम – 2015 की धारा 26 (3) के अन्तर्गत प्रबन्ध बोर्ड को उपरोक्त आशय की शक्तियॉ प्राप्त हैं। उपरोक्त फार्मेसी भवन के निर्माण हेतु प्रारम्भिक ड्राईग/आगणन राज्य योजना अन्तर्गत शासन की स्वीकृती हेतु प्रेषित किया गया था परन्तु अबतक धन उपलब्ध न हो सका है। वर्तमान सत्र से फार्मेसी विभाग में प्रवेश कर अध्यापन कार्य प्रारम्भ किया जा रहा है। फार्मेसी काउन्सिल आफ इण्डिया की शर्त/मानको के अनुसार आगामी सत्र के पूर्व फार्मेसी विभाग भवन निर्मित कराया जाना प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय में Empanelled कार्यदायी संस्था यू0पी0 आर0एन0एस0एस0 निर्माण प्रखण्ड गोरखपुर द्वितीय द्वारा प्रारम्भिक ड्राईग एवं आगणन **रू0 1153.39 लाख** का प्रस्ताव विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया गया है।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त सुचना से अवगत होते हुए प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। कार्य एवं आवण्टन तथा वित्त पोषण के विषय में अन्तिम निर्णय हेतु वित्त समिति एवं प्रबन्ध बोर्ड में प्रस्तुत किया जाना उचित होगा।

**मद संख्या 9.19 भारत सरकार के राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अन्तर्गत Renovation & Upgradation of Academic Building के कार्य का प्रस्ताव।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि भारत सरकार के राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अन्तर्गत वित्त समिति की दिनांक 27.07.2021 को सम्पन्न हुई 2021/01 (बाइसवी) बैठक की कार्यवृत्त के मद संख्या 22.13 के अनुसार रूसा के अन्तर्गत Renovation & Upgradation of Academic Building कार्य हेतु **रू0 100.00 लाख** का व्यय निर्धारित किया गया है उक्त के कम में विश्वविद्यालय के आवश्यकताओं के अनुरूप एवं प्राविधानित धनराशि के भीतर **रू0 99.92 लाख** का विस्तृत आगणन तैयार कर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त करते हुए ई–टेण्डर के माध्यम से कार्य कराये जाने हेतु ई–निविदा के प्रकाशन की प्रकिया पूर्ण कर ली गयी है।

भवन एवं कार्य समिति उपरोक्त सुचना से अवगत होते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु सुझाव दिया गया।

**मद संख्या 9.20 भारत सरकार के राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अन्तर्गत Renovation & Upgradation of Library के कार्य का प्रस्ताव ।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि भारत सरकार के राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अन्तर्गत वित्त समिति की दिनांक 27.07.2021 को सम्पन्न हुई 2021/01 (बाइसवी) बैठक की कार्यवृत्त के मद संख्या 22.13 के अनुसार ही रूसा के अन्तर्गत Renovation & Upgradation of Library कार्य हेतु **रू0 21.00 लाख** का व्यय निर्धारित किया गया है उक्त के कम में विश्वविद्यालय के आवश्यकताओं के अनुरूप एवं प्राविधानित धनराशि के भीतर **रू0 21.00 लाख** का विस्तृत आगणन तैयार कर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त करते हुए ई–टेण्डर के माध्यम से कार्य कराये जाने हेतु ई–निविदा के प्रकाशन की प्रकिया पूर्ण कर ली गयी है।

भवन एवं कार्य समिति उपरोक्त सुचना से अवगत होते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु सुझाव दिया गया।

**मद संख्या 9.21 विश्वविद्यालय परिसर में 500 के0वी0ए0 रूफ टाप सोलर सिस्टम अतिरिक्त रूप से लगाये जाने का प्रस्ताव ।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय परिसर में पूर्व से स्थापित 550 के0वी0ए0 ग्रीड कनेक्टेड सोलर सिस्टम के अतिरिक्त 500 के0वी0ए0 रूफ टाप ग्रीड कनेक्टेड सोलर सिस्टम उत्तर प्रदेश सरकार की योजना अन्तर्गत लगाया जाना प्रस्तावित है। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा **रू0 1.92 करोड़** का एक प्रस्ताव धन उपलब्धता हेतु शासन को प्रेषित किया गया है। इस अतिरिक्त क्षमता विस्तार के पश्चात् विश्वविद्यालय परिसर पूर्ण रूपेण ग्रीन एनर्जी पर आधारित परिसर बन सकेगा।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त सुचना से अवगत होते हुए प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया एवं वित्त पोषण की व्यवस्था के विषय में अन्तिम निर्णय हेतु वित्त समिति एवं प्रबन्ध बोर्ड में प्रस्तुत किया जाना उचित होगा।

**मद संख्या 9.22 ए0के0टी0यू0 की दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम द्वितीय चरण अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की सूचना एवं अनुमोदन।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि ए0के0टी0यू0 की दीन दयाल उपाध्याय गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम द्वितीय चरण अन्तर्गत **रू0 10.00 करोड़** की धनराशि आवण्टित कि गयी है, जिसके अन्तर्गत **रू0 7.00 करोड़** की लागत से कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा एक चार मंजिला पुरूष छात्रावास का निर्माण कराया जाना प्रकियाधीन है। इसके अतिरिक्त **रू0 1.70 करोड़** की लागत से विश्वविद्यालय में उपलब्ध क्लासरूम्स को स्मार्ट क्लास रूम्स में परिवर्धित किये जाने की कार्यवाही विश्वविद्यालय स्तर से प्रचलित है। इस परियोजना में डिजिटल कार्य के अतिरिक्त कुछ सिविल एवं इलेक्ट्रिकल कार्य यथा फाल्स सिलिंग, वाल पैनलिंग, पेन्टिंग एवं एअरकन्डिन्सिंग का कार्य कराया जाना प्रस्तावित किया गया।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त सूचना से अवगत होते हुए सिविल एवं विद्युत सम्बन्धी कार्य प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 9.23 आई0टी0आर0सी0 के आर्यभटट् हाल को मिनी आडिटोरियम में परिवर्धित करने के कार्य का प्रस्ताव।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के आई0टी0 रिसोर्स सेन्टर के आर्यभटट् हाल में प्रायः महत्वपूर्ण आयोजन एवं व्याख्यान आदि होते रहते हैं। इस हाल की उचाई पर्याप्त है एवं प्रस्ताव है कि स्टेप्स बनाकर इसे मिनी आडिटोरियम का स्वरूप दिया जाए। इस हेतु फ्लोरिंग एवं फाल्स सिलिंग में परिवर्तन तथा वाल पैनलिंग इत्यादि के रेनोवेशन कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। जिसमें **रू0 45.00 लाख** के व्यय की सम्भावना है। यह कार्य विश्वविद्यालय स्रोतो/बचतों से कराया जाना प्रस्तावित किया गया।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त सूचना से अवगत होते हुए प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 9.24 विश्वविद्यालय में चालू निर्माण कार्यो की परियोजना अनुश्रवण एकक् द्वारा अनुश्रवण की सूचना।**

भवन एवं कार्य समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में चालू निर्माण कार्यो की वित्त पोषण के आधार पर चार पृथक–पृथक परियोजना अनुश्रवण एकक् (Project Monitering Unit - PMU) का गठन किया गया है सामान्य रूप से इस एकक् की अध्यक्षता अधिष्ठाता, नियोजन, स्रोत जनन एवं पुरातन छात्र सम्बन्ध द्वारा किया जाता है। एकक् में विषय विशेषज्ञ के अतिरिक्त यूजर एवं सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता/परियोजना प्रबन्धक सदस्य होते है। इन एकक् की मासिक आधार पर नियमित बैठके आहूत कर कार्य प्रगति की निरन्तर समीक्षा की जा रही है। बैठक/निरीक्षण की कार्यवाही समिति के समक्ष संलग्न प्रस्तुत की गयी।

भवन एवं कार्य समिति द्वारा उपरोक्त सूचना से अवगत होते हुए कार्यवाही पर प्रसन्नता व्यक्त कि गयी एवं सुझाव दिया गया कि कार्यदायी संस्था, शासन/प्रशासन के उच्चाधिकारियों को भी सूचना/पत्र प्रेषित किये जाएं।

**मद संख्या 9.25 अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय ।**

अध्यक्ष महोदय के अनुमति भवन कार्य समिति द्वारा निम्नांकित निर्णय लिये गये।

1. विश्वविद्यालय परिसर में सभी आवासीय भवनों एवं वाणिज्यिक उपयोग कर्ताओं हेतु स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।
2. विश्वविद्यालय परिसर में छतिग्रस्त विद्युत केबिल के बदलाव के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।
3. विश्वविद्यालय के वर्तमान प्रशासनिक भवन के Face Lift, Repair, Renovation एवं रिसेप्शन एरिआ तथा ट्वायलेट के रेनोवेशन प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया। इस हेतु एक सुविचारित प्रस्ताव आर्किटेक्ट से प्राप्त कर लिया जाए।

बैठक, अन्त में अध्यक्ष महोदय के धन्यवाद प्रस्ताव सहित सम्पन्न हुई।

(प्रो0 श्रीराम)
सदस्य-सचिव 20/11/2021
भवन एवं कार्य समिति

(प्रो0 जय प्रकाश पाण्डेय)
कुलपति / अध्यक्ष
भवन एवं कार्य समिति